# हथिया गोंदा, कांके रोड, रांची में बिरसा प्राथमिक विद्यालय का उद्घाटन





रांची 29 अप्रैल 2014: निगमित सामाजिक दायित्व के तहत सीएमपीडीआई (मुख्यालय), रांची द्वारा बिरसा प्राथमिक स्कूल के लिए 7 क्लास रूम का विद्यालय भवन निर्माण करवाया गया है। आज इस नव-निर्मित भवन का उद्घाटन कस्तूरी महिला सभा की अध्यक्षा श्रीमती निलांजना देबनाथ तथा सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री ए0के0 देबनाथ ने किया। इस अवसर पर श्री देबनाथ ने कहा कि इन कमरों (क्लास रूमों) के बढ़ने से विद्यालय को काफी लाभ होगा क्योंकि उक्त विद्यालय में कमरों की काफी कमी थी। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर निदेशक (तकनीकी/ईएस) श्री डी0के0 घोष, निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) श्री आर0के0 चोपड़ा, निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडटी) श्री वी0के0 सिन्हा, श्रीमती मीता शरण, श्रीमती मंजूषा सिन्हा, सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक / विभागाध्यक्षगण तथा श्रमिक संगठन के सदस्य, सीएमओएआई के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

***